एक "संधारणीय और समावेशी समाज" साकार करने की दिशा में काम करना, जहां हर कोई अधिक स्वतंत्र रूप से जीवंत जीवन जी सके

"अपनी व्यावसायिक गतिविधियों के माध्यम से लोगों की जीवन शैली में सुधार करना और समाज के विकास में योगदान देना", यह पैनासोनिक समूह के व्यवसाय का मूलभूत तत्वज्ञान है। हमारी कॉर्पोरेट नागरिकता गतिविधियों के अंतर्गत, हमारा समूह सामाजिक मुद्दों को संबोधित करने और सामाजिक मूल्यों का एक नया ढाँचा बनाने के लिए काम कर रहा है। इसके माध्यम से, अपने व्यवसायों के साथ मिलकर, "भौतिक और आध्यात्मिक समृद्धि प्रदान करने वाला, एक आदर्श समाज साकार करना" हमारा उद्देश्य है। हमने जिन केंद्रीय विषयों की पहचान की है, उनमें "गरीबी उन्मूलन" समाविष्ट है, जो संयुक्त राष्ट्र का सतत विकास लक्ष्य (SDGs) #1 है और इस मुद्दे पर पैनासोनिक अपनी स्थापना के समय से ही काम करते आया है। अन्य विषय जिन्हें हम अपनी व्यापक कॉर्पोरेट नागरिकता गतिविधियों के माध्यम से संबोधित करते हैं, वे हैं - "पर्यावरण संबंधी मुद्दे", जो दुनिया भर में एक तत्काल चिंता का विषय हैं, साथ ही साथ "मानव विकास (शिक्षा में सहायता)", जो सामाजिक मुद्दों को हल करने के लिए नींव के रूप में कार्य करता है।

केंद्रीय विषय

गरीबी उन्मूलन | पर्यावरणीय गतिविधियाँ

मानव विकास (शिक्षा में सहायता)

गरीबी उन्मूलन

SDGs के लिए Panasonic NPO/NGO सहायता निधि

यह अनुदान कार्यक्रम गरीबी उन्मूलन - जो एक वैश्विक सामाजिक मुद्दा है - की दिशा में काम कर रहे NPO और NGO को, उनके संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने में सहायता करता है, ताकि वे सामाजिक परिवर्तन को गतिमान रखने के लिए स्थायी रूप से काम कर सकें। (वर्ष 2001 में स्थापना के बाद से, इस निधि के माध्यम से 461 परियोजनाओं को कुल 592.51 मिलियन येन की राशि का अनुदान प्रदान किया गया है)

LIGHT UP THE FUTURE: ऑफ-ग्रिड क्षेत्रों में रोशनी लाने वाली परियोजना

इस पहल के माध्यम से, पैनासोनिक NPO, NGO और अंतरराष्ट्रीय संगठनों जैसे भागीदारों के साथ काम कर रहा है ताकि अक्षय ऊर्जा द्वारा संचालित "रोशनी" उन क्षेत्रों में लाई जा सके जहां पावर ग्रिड नहीं पहुंचता है। "रोशनी" के उपयोग के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य और आय में वृद्धि के अवसरों के प्रावधान का समर्थन करने के अलावा, यह पहल पर्यावरणीय प्रभावों को कम करने में मदद करने के लिए भी नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग करती है।

पर्यावरणीय गतिविधियाँ

संधारणीय पृथ्वी के लिए Panasonic Eco Relay

यह पहल 1998 में इस विश्वास के साथ शुरू हुई थी कि वास्तव में पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों को बनाने के लिए वास्तविक पर्यावरणीय सोच आवश्यक है। 2008 से, दुनिया के कई अलग-अलग हिस्सों में Panasonic Eco Relay आयोजित किया गया है। कर्मचारी उनके कार्य क्षेत्र के स्थानीय समुदायों के आधार पर पर्यावरणीय गतिविधियों की योजना बनाते हैं और उनका कार्यान्वयन करते हैं। एक वैश्विक नागरिक के रूप में, हमारा उद्देश्य एक संधारणीय वैश्विक वातावरण के निर्माण में योगदान देना और स्थानीय निवासियों, बच्चों और कर्मचारियों के परिवारों का समावेश करने वाली गतिविधियों के माध्यम से समुदायों का निर्माण करना है।

Eco Learning Program

हमारे कार्यक्रम बच्चों के मन को प्रकृति के मुद्दों के प्रति संवेदनशील बनते हैं। इनमें बदलता पर्यावरण और जैव विविधता का महत्व शामिल हैं। साथ ही बच्चे पर्यावरण को बेहतर बनाना भी चाहेंगे।

मानव विकास (शिक्षा में सहायता)

Kid Witness News (KWN)

यह कार्यक्रम विडियो प्रस्तुतिकरण गतिविधियों के माध्यम से रचनात्मकता, संवाद कौशल और टीम वर्क को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के लिए बनाया गया है। वर्ष 1989 में U.S.A. में प्रारंभ होने के बाद से कुल 1,80,000 से अधिक बच्चे और शिक्षक KWN परियोजनाओं में संलग्न हैं।

Panasonic Kids School

Panasonic Kids School एक नया कार्यक्रम है जो बच्चों को उनकी "आकांक्षाओं और भविष्य" के बारे में संभावनाएं खोजने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह उन्हें अपने हितों और सोच के अनुसार स्वतंत्र रूप से जीने और सीखने के लिए आवश्यक क्षमताएं प्राप्त करने में भी मदद करता है। हम मूल शिक्षण सामग्री प्रकाशित करते हैं जो बच्चों को उनके समाजों में कार्य करने के लिए प्रेरित करती है।

Panasonic Scholarship Asia

21वीं सदी में एशिया का नेतृत्व करने के लिए युवाओं को प्रशिक्षित करने के लक्ष्य के साथ वर्ष 1998 में स्थापित, इस कार्यक्रम ने जापान में विज्ञान और इंजीनियरिंग का अध्ययन करने में मास्टर डिग्री छात्रों की सहायता की है। वर्ष 2014 में, इस कार्यक्रम ने अपना ध्यान अगली पीढ़ी को प्रशिक्षित करने के लिए समुदाय-आधारित सहायता पर केंद्रित किया, और नौ देशों व क्षेत्रों में छात्रों को छात्रवृत्ति से लेकर स्नातक स्तर की पढ़ाई के बाद पूर्व-छात्रों के नेटवर्क के निर्माण तक में व्यापक सहायता प्रदान करता है।